आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा के आगमन पर बिलासपुर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा और समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय मंत्री कल 7 मार्च को बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन, 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे।

हड़ताल

प्रदेश में पटवारी व कानूनगो उनको स्टेट कैडर में लाने के फैंसले के खिलाफ हड़ताल पर हैं, जिससे राजस्व से संबधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त पटवारी कानूनगो महासंघ के महासचिव चंद्र कुमार ने कहा है कि स्टेट कैडर से उनकी पदोन्नति पर असर पड़ता है और उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक यह फैसला वापिस नहीं लिया जाता।

उधर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पटवारी कानूनगो महासंघ के साथ कई दौर की बातचीत के बाद स्टेट कैडर में लाने का फैसला जनहित में लिया गया है तथा इस तरह का आंदोलन करना जनहित में नहीं है।

बिहारी लाल

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राट्रीय दिवस की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगी। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में पार्टी के बड़े नेता लोगों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करेंगे।

राहत सामग्री

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन प्रभावित कुमार गांव के लोगों को कल ज़िला मुख्यालय चंबा से हेलीकॉप्टर के माध्यम से खाद्य वस्तुओं व वस्त्र समेत अन्य राहत सामग्री भेजी गई। चंबा के उपायुक्त व ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रभावितों के लिए आज पठानकोट से सभी आवश्यक राहत सामग्री कुमार गांव में ऐयर ड्राप की जाएगी।

सम्मेलन

केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित आज प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन की शुरुआत हलके बादलों के बीच धुप के साथ हुई है हालांकि बीते दिनों प्रदेश में हुई बारिश और बर्फ़बारी के बाद जनजीवन धीरे धीरे पटरी पर लौट रहा है, जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हिमस्खलन का खतरा भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने 8 मार्च तक मौसम साफ़ बने रहने जबकि 9 व 10 मार्च को फिर से बारिश और बर्फ़बारी की सम्भावना जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–बीबीएन में 1400 करोड़ से लगेंगे तीन उद्योग, यूएई भी करेगा निवेश। जबकि दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमाचल को मिला 1400 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट–बीबीएन के लिए बड़े तोहफे पर एमओसी साइन। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार–उद्योग में एक हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–संयुक्त अरब अमीरात हिमाचल में पर्यटन और हरित उर्जा में निवेश का इच्छुक। दैनिक भास्कर का कहना है–सोलन में होगी देश की पहली एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन और 2जी एथेनॉल की सुविधा।

अंतरराष्ट्रीय मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव पर पंजाब केसरी ने लिखा है–राज देवता माधोराय की अगुवाई में निकली शाही जलेब, देवताओं के साथ नाचे देवलू।